**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**10.03.2021 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2745 का उत्तर**

**राजस्व में कमी**

**2745. श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:**
**श्री हेमन्त पाटिल:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क)** **क्या गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान रेलवे द्वारा यात्रियों तथा माल ढुलाई से अर्जित राजस्व में तय लक्ष्य की तुलना में कमी दर्ज की गई हैं;**

**(ख)** **यदि हां, तो तत्संबंधी जोन-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा रेलवे के राजस्व पर कोविड-19 वैश्विक महामारी का क्या प्रभाव पड़ा है;**

**(ग)** **क्या रेलवे को उक्त अवधि के दौरान देश में रेलवे कार्गो सेवाओं के कम उपयोग के कारण भारी नुकसान हुआ है;**

**(घ)** **यदि हां, तो तत्संबंधी जोन-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा उक्त अवधि के दौरान रेलवे को हुए नुकसान/लाभ में प्रत्येक जोन का जोन-वार कितना योगदान है; और**

**(ड.)** **सरकार द्वारा रेलवे की लाभप्रदता में सुधार हेतु तथा रेलवे के राजस्व पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?**

**उत्तर**

**रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री**
**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

******

**राजस्व में कमी के संबंध में 10.03.2021 को लोक सभा में श्री ओम पवन राजेनिंबालकर, श्री हेमन्त पाटिल और श्री राहुल रमेश शेवाले के अतारांकित प्रश्न सं. 2745 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) और (ख): जी हां। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान जनवरी, 2021 तक यात्री और माल यातायात खंड के तहत जोन-वार राजस्व प्राप्तियों के साथ-साथ लक्ष्य (संशोधित अनुमान) संलग्न है। 2020-21 में, जनवरी, 2021 के अंत तक कोविड 19 वैश्विक महामारी के प्रतिकूल प्रभाव के कारण परिणामी लॉकडाउन और यात्री सेवाओं के आंशिक परिचालन के परिणामस्वरूप विगत वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में कुल यातायात राजस्व में 36,918.86 करोड़ रु. की गिरावट आई है। कमी के वर्ष-वार कारण निम्नानुसार दिए गए हैं:-**

**2017-18**

- **प्रारंभिक यात्रियों में गिरावट - गैर-उपनगरीय खंड में और संशोधित अनुमान की तुलना में वास्तविक में औसत उप-नगरीय गमन में गिरावट।**
- **संशोधित अनुमानों (आरई) की तुलना में वास्तविक में कम लदान।**
- **अन्य कोचिंग राजस्व में मामूली वृद्धि।**
- **रेलवे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से सामान्य राजस्व के लिए लाभांश प्राप्तियों का प्रेषण जो अब तक रेलवे' के विविध राजस्व और भूमि मुद्रीकरण के तहत कम लामबंदी का हिस्सा हुआ करता था।**

**2018-19**

- **संशोधित अनुमान की तुलना में वास्तविक में प्रारंभिक यात्रियों और औसत यात्री गमन में गिरावट**
- **अन्य कोचिंग राजस्व में मामूली वृद्धि।**
- **भूमि मुद्रीकरण से राजस्व लक्ष्य का फलीभूत नहीं होना।**

**2019-20**

- **रेल परिचालनों में कोविड 19 वैश्विक महामारी और परिणामी लॉकडाउन का प्रतिकूल प्रभाव**
- **औसत यात्री गमन में गिरावट**

- संशोधित अनुमान लक्ष्य की तुलना में सम्हलाई में कमी
- आरएलडीए को विविध राजस्व में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का रिफंड समायोजन।

2020-21

- रेल परिचालनों में कोविड 19 वैश्विक महामारी और परिणामी लॉकडाउन का प्रतिकूल प्रभाव
- लॉक डाउन अवधि के दौरान यात्री सेवाओं का पूर्ण शटडाउन और तत्पश्चात यात्री गाड़ियों का आंशिक संचालन

(ग) और (घ) : मार्च 2020 में कोविड-19 के प्रकोप के बाद लॉकडाउन अवधि के दौरान, मांग में गिरावट और सम्हलाई और उतराई टर्मिनलों पर सड़क परिवहन तथा श्रम सेवाओं में व्यवधान के कारण माल ढुलाई प्रभावित हुई थी। बहरहाल, रेलवे आवश्यक परिवहन के संचलन को निर्बाध रूप से बनाए रखने में सफल रहा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बिजली संयंत्रों के लिए कोयले और अन्य आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्यान्न, उर्वरक आदि की कोई कमी न हो। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेवाई) के तहत राज्यों को खाद्यान्न आपूर्ति के लिए रिकॉर्ड खाद्यान्न लदान किया गया।

गृह मंत्रालय द्वारा लॉकडाउन में ढील देने के बाद रेलवे ने माल यातायात संचलन को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए और विगत वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल, 2020 से जुलाई, 2020 तक की अवधि के दौरान 70 मिलियन टन माल यातायात की कमी को काफी हद तक ठीक कर लिया है। भारतीय रेल ने अप्रैल, 2020 से जनवरी, 2021 तक 990.31 मिलियन टन का लदान किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की तदनुरूपी अवधि में यह 1000.77 मिलियन टन था।

(ड.): रेलवे प्राप्तियों पर कोविड 19 के प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत अपरिहार्य व्यय करने के लिए पर्याप्त बजटीय सहायता मुहैया कराने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने कोविड संबंधित रिर्सोस गैप के लिए एक विशेष ऋण प्रदान किया है।

मंत्रालय वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए सतत आधार पर उपाय कर रहा है। चालू वर्ष में उत्तरोत्तर आधार पर यात्री सेवाओं को बहाल करने के अलावा, इस प्रयास में राजस्व प्राप्तियों को अधिकतम करने और नियंत्रणीय राजस्व खर्चों को कम करने के उद्देश्य से कई कदम उठाए गए हैं। राजस्व बढ़ाने के उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ उत्तरोत्तर उच्च यातायात थ्रूपुट को लक्षित करना, कमोडिटी बास्केट का विस्तार, अधिक से अधिक यातायात पर पकड़ बनाने के लिए प्रभावी और अभिनव विपणन रणनीतियां, अतिरिक्त क्षमता का सृजन और चल स्टॉक सहित मौजूदा रेल अवसंरचना का इष्टतम उपयोग, उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि, यात्री इंटरफेस में सुधार, किराया और माल ढुलाई दरों का आवधिक यौक्तिकरण और रेलवे के कुल राजस्व में गैर-किराया राजस्व स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। व्यय नियंत्रण उपायों में कड़े आर्थिक और मितव्ययिता उपाय, बेहतर जन-शक्ति योजना, बेहतर परिसंपत्ति उपयोग, इन्वेंट्री प्रबंधन, ईंधन की खपत का इष्टतम बनाना आदि शामिल हैं।

*****

**राजस्व में कमी के संबंध में 10.03.2021 को लोक सभा में श्री ओम पवन राजेनिंबालकर, श्री हेमन्त पाटिल और श्री राहुल रमेश शेवाले के अतारांकित प्रश्न सं. 2745 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।**

**विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष में वास्तविक यात्री राजस्व के साथ-साथ लक्ष्य (संशोधित अनुमान)**

(रुपये करोड़ में )

| जोन | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 | | 2020-21 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संशोधित अनुमान | वास्तविक | संशोधित अनुमान | वास्तविक | संशोधित अनुमान | वास्तविक | संशोधित अनुमान | जनवरी, 21 तक लगभग |
| मध्य | 5550 | 5369 | 5840 | 5732 | 6266 | 5594 | 1906 | 991 |
| पूर्व | 2346 | 2280 | 2455 | 2351 | 2644 | 2366 | 625 | 429 |
| पूर्व मध्य | 2457 | 2413 | 2500 | 2534 | 2692 | 2499 | 1068 | 752 |
| पूर्व तट | 1430 | 1411 | 1510 | 1511 | 1626 | 1509 | 507 | 231 |
| उत्तर | 6671 | 6357 | 6650 | 6512 | 7055 | 6429 | 1628 | 997 |
| उत्तर मध्य | 4900 | 4756 | 5090 | 4993 | 5482 | 4774 | 1988 | 1425 |
| पूर्वोत्तर | 1600 | 1543 | 1619 | 1574 | 1743 | 1619 | 802 | 440 |
| पूर्वोत्तर सीमा | 1160 | 1178 | 1376 | 1349 | 1492 | 1333 | 453 | 296 |
| उत्तर पश्चिम | 2097 | 2004 | 2150 | 2091 | 2250 | 2049 | 418 | 271 |
| दक्षिण | 4380 | 4247 | 4521 | 4482 | 5110 | 4587 | 735 | 510 |
| दक्षिण मध्य | 4995 | 4861 | 5296 | 5167 | 5734 | 5293 | 1190 | 802 |
| दक्षिण पूर्व | 1635 | 1569 | 1713 | 1664 | 1845 | 1660 | 461 | 293 |
| दक्षिण पूर्व मध्य | 1165 | 1128 | 1176 | 1159 | 1276 | 1152 | 242 | 164 |
| दक्षिण पश्चिम | 1530 | 1488 | 1565 | 1556 | 1736 | 1583 | 360 | 207 |
| पश्चिम | 4650 | 4541 | 4780 | 4713 | 5116 | 4619 | 1131 | 726 |
| पश्चिम मध्य | 3361 | 3304 | 3551 | 3477 | 3725 | 3384 | 1426 | 975 |
| मेट्रो/कोलकाता | 200 | 194 | 208 | 201 | 208 | 219 | 59 | 21 |
| सकल जोड़ | 50125 | 48643 | 52000 | 51067 | 56000 | 50669 | 15000 | 9529 |

विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष में वास्तविक माल यातायात राजस्व के साथ-साथ लक्ष्य (संशोधित अनुमान)

(रु. करोड़ में)

| जोन | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 | | 2020-21 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संशोधित अनुमान | वास्तविक | संशोधित अनुमान | वास्तविक | संशोधित अनुमान | वास्तविक | संशोधित अनुमान | जनवरी, 21 तक लगभग |
| मध्य | 7500 | 7330 | 8488 | 8623 | 8714 | 7268 | 6951 | 5446 |
| पूर्व | 4500 | 4520 | 4767 | 4445 | 5254 | 4047 | 4801 | 3573 |
| पूर्व मध्य | 9140 | 9975 | 11307 | 10046 | 9180 | 8784 | 10341 | 7518 |
| पूर्व तट | 14900 | 15135 | 16398 | 15840 | 18289 | 15894 | 18311 | 13542 |
| उत्तर | 7000 | 7075 | 8044 | 8166 | 8956 | 6768 | 7683 | 5965 |
| उत्तर मध्य | 10000 | 10345 | 11469 | 10332 | 11640 | 8048 | 7771 | 5970 |
| पूर्वोत्तर | 1650 | 1576 | 1608 | 1599 | 1772 | 1460 | 1801 | 1305 |
| पूर्वोत्तर सीमा | 1940 | 2076 | 2357 | 2152 | 2598 | 1933 | 2357 | 1762 |
| उत्तर पश्चिम | 4800 | 4627 | 4800 | 5080 | 4316 | 4017 | 5110 | 3981 |
| दक्षिण | 2850 | 2694 | 3179 | 3125 | 3176 | 2755 | 2891 | 2090 |
| दक्षिण मध्य | 10800 | 10841 | 12705 | 12207 | 12007 | 9906 | 9159 | 6931 |
| दक्षिण पूर्व | 12550 | 12008 | 12724 | 13009 | 14024 | 13799 | 15085 | 11201 |
| दक्षिण पूर्व मध्य | 12110 | 11762 | 12881 | 12769 | 14396 | 12459 | 14051 | 10648 |
| दक्षिण पश्चिम | 3160 | 2979 | 3086 | 3010 | 3461 | 2892 | 3296 | 2466 |
| पश्चिम | 6800 | 6692 | 7142 | 7979 | 7291 | 5437 | 6060 | 4692 |
| पश्चिम मध्य | 7800 | 7421 | 8793 | 9050 | 9657 | 8020 | 8516 | 6426 |
| सकल जोड़ | 117500 | 117055 | 129750 | 127433 | 134733 | 113488 | 124184 | 93518 |

*****